हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
मंगलवार
28 अक्टूबर 2025, कार्तिक शुक्ल पक्ष, षष्ठी/सप्तमी, विक्रम संवत 2082, बरेली



# एसआरएमएस अकादमी की टीम सेमीफाइनल में पहुंची

बरेली। स्पोर्ट्स स्टेडियम में हो रही पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में सोमवार को दो रोमांचक मैच खेले गए। पहले मैच में एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी ने आरबीएमआई अकादमी को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आरबीएमआई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 83 रन बनाए। एसआरएमएस ने लक्ष्य 12.6 ओवर में तीन विकेट पर हासिल किया। दूसरे मैच में क्रिकेट नर्सरी ने बरेली चैंप्स को पांच विकेट से मात दी।